अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी
(वन अधिकारों की मान्यता)
अधिनियम 2006 के
सम्यक और विधिसम्मत क्रियान्वयन के लिए

वन अधिकार समिति

और दावेदारों के प्रयोजनार्थ

सहायक पुस्तिका

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वननिवासी
(वन अधिकारों की मान्यता)

अधिनियम 2006 के सम्यक और विधिसम्मत क्रियान्वयन के लिए

वन अधिकार समिति और दावेदारों के प्रयोजनार्थ

सहायक पुस्तिका

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

झारखण्ड सरकार

विषय - सूची

विषय	पृष्ठ संख्या
प्रवेशिका	5
सामुदायिक वन अधिकारों के लिए प्रक्रिया	8
व्यक्तिगत वन अधिकार दावों के लिए प्रक्रिया	12
वन अधिकार दावों के लिए उपयुक्त कुछ कार्यवाही का नमूना	19
सामुदायिक वन अधिकारों के दावों के लिए नमूना	24
व्यक्तिगत वन अधिकार दावों के लिए नमूना	44

प्रवेशिका

आदिवासी और अन्य परंपरागत वन निवासी सदियों से वन में निवास करते आये हैं और अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर रहे हैं। उपनिवेश काल में अंग्रेजों ने अपनी आर्थिक लाभ के लिए वन आश्रित समुदायों को वनों से बेदखल किया और उन्हें अपने अधिकारों से वंचित किया। आरक्षित और संरक्षित वन के बारे में कानून बनाया और आरक्षित वनों से उन्हें पूर्णरूप से बेदखल किया पर संरक्षित वनों को उपयोग करने के लिए कुछ रियायतें दी। आजादी के बाद भी सरकारें कानून बनाकर वनों पर लोगों की पहुँच को सीमित करती गयी जिस कारण वन आश्रित समुदाय वनों में अपराधी बन गये और वन विभाग वनों के मालिक बन गये।

अनुसूचित जनजाति एंव अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 अर्थात **–वन अधिकार कानून 2006** को प्रस्तुत करते समय केन्द्र सरकार ने उपरोक्त तथ्य को मान लिया और स्वीकार किया कि वन आश्रित समुदायों के साथ ऐतिहासिक अन्याय हुआ है और वन आश्रित समुदाय वन और पर्यावरण का अभिन्न अंग है।इस ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने और वन आश्रित समुदायों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके अधिकारों को पुनःस्थापित करने के लिए वन अधिकार कानून बनाया गया है।

वन अधिकार कानून में 4 तरह के वन अधिकारों का जिक्र है।

1. वन और वन भूमि के उपयोग के लिए व्यक्तिगत अधिकार – (अधिनियम की धारा 3.(1)(क, च, छ, और ङ देखें) (दावा प्रपत्र ''क'')
2. वन और वन उपजों का उपयोग करने का सामुदायिक अधिकार (अधिनियम की धारा 3.(1) (ख,ग,घ,ड.,ज,ट, (दावा प्रपत्र ''ख'')
3. जंगल का संरक्षण, संवर्धन और प्रबन्धन का सामुदायिक अधिकार (अधिनियम की धारा 3.(1)(झ) देखें। यह सबसे महत्वपूर्ण सामुदायिक वन अधिकार है। (दावा प्रपत्र ''ग'')
4. सरकारी योजनाओं के लिए वन भूमि को उपयोग करने का अधिकार – (अधिनियम की धारा 3.(2) इसके अंतर्गत इस धारा में विनिर्दिष्ट सरकारी योजनाओं के लिए वन भूमि का उपयोग करने का अधिकार है, लेकिन प्रत्येक योजना के लिए एक हेक्टेयर से अधिक वन भूमि का उपयोग नहीं होगा और उसमें 75 से अधिक पेड़ नहीं काटा जायेगा। इस प्रावधान के अंतर्गत प्रत्येक योजना के लिए प्रस्ताव संबन्धित सरकारी विभाग ग्राम सभा के पास लायेंगे और ग्राम सभा की अनुशंसा के बाद आगे की कारवाई होगी। इस प्रावधान के लिए भारत सरकार के आदिवासी मंत्रालय ने अलग से नियमावली प्रकाशित किया है।

सामुदायिक वन अधिकार इसके अंतर्गत

- **निस्तार का अधिकार** – (अधिनियम की धारा 3.(1)(ख) अपने निजी उपयोग के लिए जिन चीजों को वन आश्रित समुदाय के लोग जंगल से लाते आये हैं उनको लाने के अधिकार को निस्तार का अधिकार कहते हैं। इस अधिकार के अंतर्गत घर बनाने और कृषि के लिए औजार बनाने के लिए लकड़ी,बालू ,पत्थर, जलावन के

लिए सूखे लकड़ी इत्यादि लाने का अधिकार है, लेकिन किसी तरह के व्यावसायिक और बाजारू उपयोग के लिए उपरोक्त वन उपजों को लाने का अधिकार नहीं होगा।

- **लघु वन उपजों पर मालिकाना अधिकार** – (अधिनियम की धारा 3.(1)(ग) लघु वन उपज की परिभाषा के अंतर्गत (अधिनियम की धारा 2.(1)(झ) बाँस, केन्दू पत्ता, फल–फूल, साग–सब्जी, कन्द–मूल, मधु इत्यादि सभी पदार्थ शामिल है और मालिकाना अधिकार तथा उन्हें संग्रह करने, उपयोग करने, मूल्यवृद्धि करने और बेचने का अधिकार शामिल है। वन आश्रित समुदाय अपनी आजीविका के लिए इन लघु वन उपजों पर आश्रित रहते आये हैं। लघु वन उपजों का संग्रहण गाँव की सीमा के अंदर या बाहर के वन क्षेत्रों से हो सकता है।
- **मवेशियों को चराने का अधिकार और जंगल के जल स्रोतों से मछली एवं अन्य उप्तादों को संग्रहण करने का अधिकार** – (अधिनियम की धारा 3.(1)(घ) इसके अंतर्गत जंगल में मवेशियों को चराने और चारा लाने का अधिकार है तथा वन क्षेत्र के नदी, जलाशय जैसे जल स्रोतों से मछली एंव अन्य जल उत्पादों को संग्रहण करने का अधिकार है।
- **आदिम जनजाति मसुदायों को रहवास (Habittat) का अधिकार** – (अधिनियम की धारा 3.(1)(ङ) आदिम जनजाति समुदाय वन क्षेत्र के मूल निवासी है और उनका एक विशेष क्षेत्र है जो उनका रहवास है। उस पूरे क्षेत्र के जो आज अलग अलग राजस्व ग्रामों की सीमा में पड़ता है, के जंगल पर विचरण करने और लघु वन उपजों को संग्रहण करने का अधिकार है। (इसके लिए अलग से भारत सरकार के आदिवासी मंत्रालय द्वारा दिशा निर्देश तैयार किया जा रहा है)
- **वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में बदलने का अधिकार** – (अधिनियम की धारा 3.(1) (ज) इस कानून के प्रायोजनों के लिए वन ग्राम की परिभाषा में (अधिनियम की धारा 2.(च) वन के अंदर अवस्थित सभी बस्तियाँ शामिल हैं, चाहे वह वन विभाग द्वारा बसाया गया वन ग्राम हो, अथवा अन्य बस्तियॉ हो जो 13.12.2005 के पहले से वन क्षेत्र में अवस्थित हों।
- **जैव विविधता तक पहुँच का अधिकार** एवं वनों से संबन्धित बौद्धिक संपदा और पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण का अधिकार (अधिनियम की धारा 3.(1) (ट))
- शिकार करने को छोड़ कर बाकी सभी सामुदायिक अधिकार जो समुदाय परंपरा से उपभोग करते आये है। (अधिनियम की धारा 3.(1)(ठ) इसके अंतर्गत समुदाय परंपरा से अपने वन क्षेत्र के अंतर्गत उपयोग करते आये सरना, पूजा स्थल, देव स्थल, शमशान घाट, कब्रिस्तान, खेल मैदान इत्यादि को उपयोग करते रहने का अधिकार है।
- उपरोक्त के अलावा नये सिरे से जंगल उजाड़ कर किसी भी तरह का उपयोग का अधिकार इस कानून के अंतर्गत नहीं है।
- **प्रपत्र ''ख''** में एक से अधिक ग्राम सभायें एक साथ वन और वन उपजों की उपयोग के लिए दावा कर सकते हैं। एक ही राजस्व ग्राम के टोला अथवा टोलों के समूह एक ही जंगल में जिसको वे परंपरा से उपयोग करते आये हैं, अलग अलग दावा कर सकते है। लेकिन **प्रपत्र ''ग''** में अमुक जंगल के लिए एक

से अधिक ग्राम सभायें दावा नहीं कर सकते हैं। क्योंकि एक ही जंगल में एक से अधिक ग्राम सभाओं का प्रबन्धन संभव नहीं है।

(जहाँ तक संभव है ग्राम सभा/वन अधिकार समिति प्रपत्र "ख" और "ग" को एक साथ भरेंगे और सारी प्रक्रिया एक साथ पूरा करेंगें।)

ग्राम सभा

- वन अधिकार अधिनियम 2006 में इसे लागू करने के लिए 3 प्राधिकारियों का जिक्र है।
  1. ग्राम सभा (ग्राम सभा द्वारा गठित ग्राम वनाधिकार समिति (FRC)
  2. अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति (SDLC) और
  3. जिला स्तरीय वन अधिकार समिति (DLC)
- एक प्राधिकारी के रूप में ग्राम सभा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।
- इस कानून के प्रायोजनों के लिए ग्राम सभा की बैठक में कम से कम 50 प्रतिशत सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा उन में कम से कम 1/3 महिलाओं की उपस्तिति अनिवार्य हैं। यह और कि यदि वन अधिकारों के दावों के बारे में ग्राम सभा में कुछ प्रस्ताव पारित करना है, तो कम से कम 50% दावेदार अथवा उनकी प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है।
- ग्राम सभा अपने इस अधिकार का निष्पादन, एक वन अधिकार समिति को गठित करके उसके द्वारा करता है। इस समिति में न्यूनतम 10 और अधिकतम 15 सदस्य होंगे।
  1. उन में कम से कम एक तिहाई महिला होना अनिवार्य है।
  2. उस ग्राम सभा में अनुसूचित जनजाति के सदस्य हैं तो कम से कम दो तिहाई अनुसूचित जनजाति के सदस्य होना अनिवार्य है।
- सदस्यों का चयन करते समय ग्राम सभा उन लोगों को उसमें शामिल करने का प्रयास करेंगी जो लोग इस कानून से लाभान्वित होंगे।
- समिति के सदस्य अपने बीच में से एक अध्यक्ष और सचिव को चुनेंगे।
- समिति के सदस्यों की सूची ,ग्राम सभा की कार्यवाही की छाया प्रति के साथ अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति को उपलब्ध कराया जायेगा।
- यदि समिति अपनी जिम्मेदारियों को नहीं निभाती हैं तो ग्राम सभा समिति का पुनर्गठन कर सकती है या दूसरी समिति का चयन कर सकती है।
- यदि ग्राम वन अधिकार समिति के अध्यक्ष अथवा सचिव अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतते हैं तो समिति के अन्य सदस्य अपने बीच में से किसी दूसरे सदस्य को अध्यक्ष अथवा सचिव नियुक्त कर सकते हैं।
- उपरोक्त दोनों परिस्थितियों में उसकी लिखित सूचना अपने बैठक की कार्यवाही की प्रतिलिपि के साथ अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति के कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

सामुदायिक वन अधिकारों के लिए प्रक्रिया

दस्तावेजों को तैयार करना

1. सामुदायिक वन अधिकारों के लिए प्रपत्र ''ख'' और ''ग'' भरना और जरूरी दस्तावेज जुटाना संबन्धित ग्राम सभाओं के वन अधिकार समिति की जिम्मेदारी है। {नियम 11 (4)}
2. वन अधिकार कानून के अंतर्गत ग्राम वन अधिकार समिति को किसी दस्तावेज और नक्शा की जरूरत है तो उसे उपलब्ध कराना अनुमंडल स्तरीय समिति की जिम्मेदारी है। {नियम 6.(ख) और 12 (4)}
3. वन अधिकार समिति सामुदायिक वन अधिकारों को निहित करने की प्रक्रिया आरंभ करने के बारे में और जरूरी दस्तावेज, नक्शा और दावा प्रपत्र उपलब्ध कराने के बारे में अनुमंडल पदाधिकारी के नाम पर एक सूचना लिखित रूप में भेजेंगे और उसकी पावती लेकर दावा अभिलेख में संलग्न करेंगें। {नियम 11. 1.(ख), 11 .2 (II)}
4. वन अधिकार समिति दोनों दावा प्रपत्रों की दो–दो प्रतियाँ भरेंगी। एक अनुमंडल कार्यालय में जमा करने के लिए और दूसरा पावती के रूप में गाँव में रखने के लिए।
5. आम तौर पर प्रत्येक ग्राम सभा गाँव की सीमा के अंदर के पूरे वन क्षेत्र का दावा करेंगी, क्योंकि गाँव की सीमा के अंदर का पूरा वन क्षेत्र उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। (अधिनियम 6.1)
6. विशेष परिस्थितियों में, जैसे कि गाँव के भीतर के किसी टोला अथवा टोलों के समूह अलग से दावा करना चाहते हैं और कितना वन क्षेत्र में दावा करना है इसके बारे में सभी टोलों के बीच में सहमति है तो कम क्षेत्र के लिए भी दावा किया जा सकता है। दावा प्रपत्र ''ग'' भरते समय वन अधिकार समिति इस पर विशेष ध्यान देंगें क्योंकि एक ही जंगल में दो अलग अलग ग्राम सभाओं का प्रबन्धन संभव नहीं है।
7. सामुदायिक वन अधिकारों के लिए गाँव के प्रत्येक परिवार दावेदार हैं। प्रत्येक परिवार के मुखिया का नाम दावेदार के रूप में लिखने और हस्ताक्षर करने के लिए दावा प्रपत्रों में स्थान नहीं है। इसीलिए दावेदारों के नाम और हस्ताक्षर एक रजिस्टर में दर्ज करायें और उसकी छाया प्रति दावा प्रपत्रों के साथ अभिलेख में संलग्न करें। (नमूना संलग्न 2.3 में देखें)

साक्ष्य

दावों के साक्ष्य के रूप में नियम 13 के अंतर्गत निम्नलिखित साक्ष्यों को संलग्न किया जा सकता है।

1. दावेदारों से भिन्न बुजुर्गों का कथन लिखित रूप में लेना है। सामुदायिक अधिकार के लिए गाँव के सभी बुजुर्ग दावेदार हैं। इसीलिए पड़ोसी गाँव के बुजुर्गों का बयान एक शपथ–पत्र के रूप में लेकर अभिलेख में संलग्न करना है।(नियम 13. 1झ)
2. सरकार द्वारा गठित किसी आयोग अथवा समिति की रिपोर्ट। (नियम 13 1क)

3. स्थानीय समुदाय द्वारा वन क्षेत्र में बनायी गयी किसी संरचना – जैसे कि सरना मंदिर, शमशान घाट , कब्रिस्तान, देव स्थान, खेल मैदान इत्यादि – में से किसी दो का फोटो संलग्न करें। (नियम 13. 2ग)

4. किसी तरह की ऐसी संरचना नहीं है तो दो ही साक्ष्य को संलग्न करें।(नियम 13. 3)

दावित वन क्षेत्र का नक्शा

1. यदि अनुमंडल स्तरीय समिति {नियम 6.(ख) और 12 (4)} के अंतर्गत गाँव के वन क्षेत्र का नक्शा उपलब्ध कराया है तो उसे संलग्न करें।

2. यदि उपलब्ध नहीं कराया गया है तो राजस्व विभाग, झारखण्ड सरकार की वेबसाईट पर उपलब्ध ऑनलाइन नक्शा को डाउनलोड करके उसमें जितना वन विभाग का प्लॉट है उन्हें एक ट्रेस–पेपर में उतार कर संलग्न करें। संभव नहीं है तो उसी नक्शा में वन विभाग के प्लॉटों को किसी रंग से चिन्हित कर संलग्न करें।

3. जिला स्तरीय समिति जो वन अधिकार पत्र निर्गत करेगी उस के साथ नक्शा को भी स्कैन करके उपलब्ध कराना है। इसीलिए नक्शा A4-Size पेपर में संलग्न करने पर सहूलियत होगी।

4. यदि सारंडा और बेतला आरक्षित वन क्षेत्र के किस खण्ड (Compartment) को किस ग्राम सभा अपने सामुदयिक अधिकार के लिए शामिल करते हैं तो उसका भी नक्शा संलग्न करना होगा।

5. जिन प्लॉटों में खेल मैदान, शमशान घाट इत्यादि अवस्थित है उनका जिक्र प्लॉट नं0 के साथ नक्शा में दर्शायें।

भौतिक सत्यापन और सीमांकन

1. सभी दस्तावेज तैयार होने पर दावों के भौतिक सत्यापन के लिए वन और राजस्व विभाग के स्थानीय अधिकारियों को लिखित सूचना देना और उनसे पावती लेकर अभिलेख में संलग्न करना है। {नियम 12 (1)}

2. गाँव की सीमा में पड़ने वाले सभी गाँव के लोगों को दावित वन क्षेत्र के सीमांकन के बारे में, अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों के द्वारा और सामान्य क्षेत्रों में वार्ड सदस्यों के द्वारा लिखित रूप में सूचना देना है। क्योंकि शायद वे गाँव की सीमा के अंदर के जंगल का उपयोग परंपरा से करते आ रहे होंगे और शायद गाँव के जंगल की सीमा पड़ोसी गाँव के जंगल की भी सीमा है।

3. गाँव और पड़ोसी गाँवों के महिला स्वयं सहायता समूहों को भी विशेष रूप से आमंत्रित करना उचित होगा। क्योंकि जंगल से संबसे अधिक लगाव महिलाओं का है और वन की संरक्षण और प्रबंधन में उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

4. ग्राम प्रधान/वार्ड सदस्यों और महिला स्वयं सहायता समूहों के अध्यक्षों को लिखित सूचना दें और उसकी पावती लेकर उसे भी दवा अभिलेख में संलग्न करें।

5. एक ही दिन दावों के भौतिक सत्यापन और सीमांकन करने से सहूलियत होगी।

6. यदि वन और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित हैं तो पूरे दावा अभिलेखों को उनके अवलोकन के लिए उपलब्ध करायें।

7. भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन और नक्शा पर वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव और वन और राजस्व विभाग के अधिकारी अपना प्रतिवेदन यदि कोई हो तो लिख कर अपने पदनाम और तारीख के साथ हस्ताक्षर करेंगे। {नियम 12 क (1)}

8. वन और राजस्व विभाग के अधिकारी अथवा उनमें से किसी एक अधिकारी अनुपस्थित रहने पर भी वन अधिकार समिति भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को पूरी करेंगे। {नियम 12(1) एवं 12 क (2)}

9. वन क्षेत्र के सीमाओं के बारे में ज्ञान रखने वाले गाँव के और पड़ोसी गाँव के बुजुर्गों के साथ वन अधिकार समिति वन क्षेत्र की सीमाओं का अवलोकन करेगी और सीमांकन प्रतिवेदन तैयार करके उस पर हस्ताक्षर करेगी। {नियम12(1च)}

अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) संशोधन नियम 2012
नियम 12 क – अधिकारों की मान्यता की प्रक्रिया:

(1) वनाधिकार समिति से सूचना की प्राप्ति पर वन और राजस्व विभागों के पदधारी स्थल पर दावों के सत्यापन और साक्ष्यों के सत्यापन के दौरान उपस्थित रहेंगे और अपने पदनाम, तारीख और टिप्पणियाँ, यदि कोई हो, के साथ कार्यवाहियों पर हस्ताक्षर करेंगे।

(2) यदि इन विभागों द्वारा पश्चातवर्ती किसी तारीख को ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित दावों पर इस कारण आक्षेप किये जाते हैं कि क्षेत्र सत्यापन के दौरान उनके प्रतिनिधि अनुपस्थित रहते हैं, तो पुन: सत्यापन के लिए दावे को उस समिति द्वारा जहाँ आक्षेप किये गए हैं, ग्राम सभा को भेज दिया जाएगा. यदि उक्त प्रतिनिधि फिर से सत्यापन प्रक्रिया में भाग लेने में असफल रहते हैं, तो क्षेत्र सत्यापन पर ग्राम सभा का विनिश्चय अंतिम माना जाएगा।

ग्राम सभा

1 भौतिक सत्यापन और सीमांकन के बाद सामुदायिक वन अधिकारों के बारे में प्रस्ताव पारित करने के लिए ग्राम सभा की एक विशेष बैठक बुलाई जायेगीं। { नियम 4 (1ग) और 11 (5)}

2. यदि संभव हो तो दावों के भौतिक सत्यापन और सीमांकन के दिन ही ग्राम सभा का आयोजन करने से ग्राम सभा के सदस्यों की समय की बचत होगी।

3. ग्राम सभा की बैठक में कुल सदस्यों में से आधा सदस्य और उस में कम से कम एक तिहाई महिला सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।{ नियम 4 (2)}

4. वन अधिकार समिति सामुदायिक वन अधिकारों से संबन्धित सभी दस्तावेजों को ग्राम सभा की बैठक में प्रस्तुत करेंगी।

5. ग्राम सभा उन सभी दस्तावेजों पर विचार करके उचित प्रस्ताव पारित करेंगे।

6. इसी बैठक में ग्राम सभा वन अधिकार अधिनियम की धारा 5 के प्रायोजनों के लिए नियम की धारा 4.1 (ङ) के अंतर्गत जंगल के संरक्षण, संवर्धन और प्रबन्धन के लिए ग्राम सभा के सदस्यों के बीच में से एक सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति (CFRMC) का गठन करेंगे।

7. सभी अभिलेखों को अनुमंडल स्तरीय समिति के पास जमा करेंगे और पावती लेंगे।{ नियम 11(5)}

8. अभिलेख जमा करने के पहले अनुमंडल पादाधिकारी के नाम से दिए गए पत्र के (Covering letter) में दी गयी संलग्न–सूची का मिलान करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि सभी दस्तावेज संलग्न किया गया है।

9. सामुदायिक वन अधिकार दावा अभिलेख अनुमंडल में जमा करने के पहले वन अधिकार समिति यह सुनिश्चित करेगी कि सभी दस्तावेजों की एक प्रति गाँव में सुरक्षित रखी गयी है। जो पावती अनुमंडल कार्यालय से मिलता है उसे भी उसी अभिलेख में सुरक्षित रखेंगे। सामुदायिक वन अधिकार दावा के बारे में अनुमंडल और जिला स्तर की समिति से बाद में किसी तरह का पत्राचार होता है तो उसकी एक प्रति भी इसी अभिलेख में सुरक्षित रखेंगे।

10. बाद में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति बैठक करके गाँव के वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन और प्रबन्धन के लिए जरूरी मान्यताओं, नियमों का प्रस्ताव तैयार करेगी और ग्राम सभा के पास रखेगी। इसके लिए कुछ सुझाव आगे दिये गये हैं। ये सुझाव बाध्यकारी नहीं है। प्रत्येक ग्राम सभा अपने जरूरत के अनुसार और अपने वन संसाधनों की प्रकृति और क्षमता को ध्यान में रखते हुए अपनी मान्यतायें तय करेगी।

विवादों का निपटारा

दो या अधिक ग्राम सभाओं के बीच सामुदायिक अधिकारों के बारे में अथवा सामुदायिक वन संसाधनों के बारे में कोई विवाद की स्थिति में किसी ग्राम सभा द्वारा किये गये आवेदन पर या अनुमंडल स्तर के समिति द्वारा स्वःप्रेरणा से संबन्धित ग्राम सभाओं की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी और विवाद निपटाने की कोशिश की जाएगी। 30 दिनों के भीतर विवाद पर संतोषजनक कोई समाधान नहीं होता है तो अनुमंडल स्तरीय समिति विवाद का विनिश्चय करेगी और समुचित आदेश पारित करेगी। (नियम 14.7)

व्यक्तिगत वन अधिकार दावों के लिए

अधिकार

इस कानून में जो लोग वन भूमि पर 13.12.2005 के पहले से स्वयं खेती करके अपने जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं उन्हें उस वन भूमि का अधिकार–पत्र देने का प्रावधान है। वन भूमि का अधिकार–पत्र अधिकतम 4 हेक्टेयर (10 एकड़) तक ही दिया जायेगा। (अधिनियम 3.1 (क), 4.3 और 4.6)

- राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले गैर मजरूआ जमीन के बारे में हाल के सर्वे की खतियान में जंगल झाड़ी, छोटे झाड़ का जंगल दर्ज है, तो वैसी जमीन भी इस कानून के दयरे में आयेगी। क्योंकि 12.12.1996 के सर्वोच्च न्यायालय के एक अंतरिम आदेश के अनुसार जो भूमि अभिलेखों में जंगल अथवा जंगल झाड़ी दर्ज है, सभी भूमि जंगल माना जायेगा। वन अधिकार कानून की धारा 2.घ में इस कानून के प्रायोजनों के लिए वन भूमि की जो परिभाषा दी गई है उस में ''समझे गये वन'' (Deemed Forest) भी सम्मिलित है।
- कोई भी व्यक्ति जो 13.12.2005 के पहले से उक्त जमीन पर स्वयं खेती करते आये हैं तो वे भी अधिकार पत्र के लिए इस कानून के अंतर्गत दावा कर सकते हैं।
- इसके अलावा यदि सरकार के किसी भी विभाग से ग्रामीणों को वन भूमि का अधिकार–पत्र मिला है अथवा रसीद काटा जा रहा है और अब वन विभाग दावा करते हैं कि वह जमीन वन भूमि है तो उस जमीन पर भी ग्रामीणों को अधिकार देने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत जो अधिकार मिलता है उसमें 10 एकड़ तक की सीमा नहीं है। (अधिनियम 3.1 छ और 4.6)
- दावेदार शादी–शुदा है तो अधिकार–पत्र पति–पत्नी दोनों के नाम पर बनेगा। यदि दावेदार अविवाहित है अथवा परिवार को अकेले संभालते हैं तो उसी के नाम पर अधिकार–पत्र मिलेगा। यह अधिकार वंशागत होगा लेकिन हस्तांतरणीय नहीं होगा। अधिकार–पत्र धारक के यदि कोई वंशज नहीं है तो उनके निकटतम रिश्तेदार का उस भूमि पर अधिकार होगा। (अधिनियम 4.4)
- वन अधिकार–पत्र मिलने के बाद भी उक्त जमीन वन भूमि ही रहेगा और राजस्व विभाग द्वारा उस जमीन का रसीद नहीं काटा जायेगा।
- सामुदायिक अधिकार और सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार के लिए ग्राम सभा दावा करते हैं तो वे व्यक्तिगत वन अधिकार–पत्र में दिये गए वन क्षेत्र को भी शामिल करेंगें।

पात्रता

वन भूमि के अधिकार–पत्र के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को वन भूमि पर 13.12. 2005 से पहले का कब्जा होना अनिवार्य है। अन्य परंपरागत वन निवासियों को वन क्षेत्र में 13.12.2005 से पहले 3 पीढ़ी से निवास करना अनिवार्य है। तीन पीढ़ी का मतलब है 75 वर्ष। अधिनियम में

''वन में निवास करने वाले अनुसूचित जनजाति'' एवं ''अन्य परंपरागत वन निवासी'' की परिभाषा में (अधिनियम धारा 2 ग और ण) ''प्राथमिक रूप से वन में निवास करने वाले'' शब्दों का इस्तेमाल हुआ है। आदिवासी कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 9 जून 2008 पत्रांक 17014/02/2007-PC & V स्पष्ट किया है कि इसका मतलब यह नहीं है कि दावेदार को वन भूमि पर निवास होना अनिवार्य है। यदि वे जीविकोपार्जन के लिए वन अथवा वन भूमि पर निर्भर है और 13.12 2005 के पहले से स्वयं खेती करते आ रहे हैं तो वे वन अधिकार के लिए पात्र होंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि वन अथवा वन भूमि पर पूर्णतया निर्भर होना जरूरी नहीं है। भूमि अथवा अन्य जीने के साधनों के साथ जीविकोपार्जन के लिए वन अथवा वन भूमि पर भी निर्भर है तो वे भी वन अधिकारों के लिए पात्र होंगे।

दावेदार

- वन अधिकार समिति अपने गाँव की सीमा के अंदर 13.12.2005 के पहले वन भूमि पर स्वयं खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण करने वालों की एक सूची तैयार करेगी ताकि कितने दावा प्रपत्र की जरूरत पड़ेगी उसका अन्दाजा लगाया जा सके। जितना दावा पत्र जरूरी है उतना को वन अधिकार समिति अनुमंडल कार्यालय से प्राप्त करेगी और दावेदारों को निःशुल्क उपलब्ध करायेगी।
- व्यक्तिगत दावा प्रपत्र 'क', 3 प्रति में होगी – प्रथम प्रति दावेदार के लिए, द्वितीय प्रति वन अधिकार समिति के लिए और तृतीय प्रति अनुमण्डल स्तरीय समिति के लिए।
- वन भूमि पर जिन लोगों का दिसंबर 13, 2005 से पहले कब्जा है और स्वयं खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण करते आ रहे हैं उन्हें प्रपत्र ''क'' भर के उस जमीन के अधिकार–पत्र के लिए दावा करना होगा।

प्रपत्र "क"

1. प्रपत्र के दूसरे पन्ने के आरंभ में क्रम संख्या 10 में दावेदार के परिवार के अन्य सदस्यों का नाम और आयु दर्शाना है। सदस्य 3 से अधिक हैं तो वहां संलग्न 2 लिख कर परिवार के अन्य सदस्यों का नाम और आयु अलग से एक कागज में लिखकर दावेदार हस्ताक्षर करें और उसे संलग्न करें।

    - भूमि पर दावे का स्वरूप–:

      1.क – यदि दावित जमीन पर आप घर /मकान /झोपड़ी बना कर रह रहे हैं तो उसका खाता न.,प्लॉट न. और अधिक से अधिक 00.20 डिसमिल लिखें। यदि दावित जमीन पर घर मकान नहीं है तो – नहीं है – लिखें।

      1.ख – बाकी सभी दावित जमीन का खाता न., प्लॉट न. और रकबा 1. ख के सामने लिखें। एक से अधिक प्लॉट है तो प्रत्येक प्लॉट और रकबा अलग क्रम में लिखें और कुल जमीन का रकबा जोड़ कर नीचे लिखें। रकबा को लोग अपने अंदाज से लिखें। वास्तविक रकबा वन अधिकार समिति द्वारा नापी करते समय निकाला जायेगा।

2. जिन लोगों के पास जमीन का पर्चा /खतियान/ हाल के रसीद है लेकिन वन विभाग उस जमीन को अपने होने का दावा करते हैं तो उस जमीन का खाता, प्लॉट, रकबा क्रम संख्या 3 के सामने लिखें।

3. बाकी सभी सवालों के लिए – परिस्थिति के अनुसार "हाँ" या "नहीं है" – लिखें ।

4. समर्थन में साक्ष्य के जगह पर संलग्न लिखें और अन्त में दावेदारों के हस्ताक्षर के स्थान के नीचे बायें तरफ निम्न प्रकार लिखें–

संलग्न – 1. जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति (अनुसूचित जनजाति के लिए)

1930 या उसके पहले के खतियान की छाया प्रति और खतियानी रैयत से लेकर दावेदार तक की वंशावली जो ग्राम प्रधान/वन अधिकार समिति के अध्यक्ष/सचिव और हल्का कर्मचारी द्वारा अभिप्रमाणित हो (अन्य परंपरागत वन निवासियों के लिए)

2. परिवार के अन्य सदस्यों का नाम और आयु।

3. समर्थन में साक्ष्य : (क) नियम 13 (ग) के अंतर्गत दावित भूमि पर सुधारों का शपथ पत्र।

(ख) नियम 13 (झ) के अंतर्गत बुजुर्गों के शपथ पत्र।

(ग) नियम 13 (ख) के अंतर्गत –मतदाता पहचान पत्र,राशन कार्ड की छाया प्रति

(घ) नियम 13 (घ) के अंतर्गत – वन विभाग द्वारा 13.12.2005 के पहले दायर मुकदमा के एफ. आई. आर. की छाया प्रति।

समर्थन में साक्ष्य

प्रत्येक दावेदार को अपने दावा प्रपत्र के साथ एक से अधिक साक्ष्य भी देना होगा। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वनों पर अधिकार की मानयता) नियम 2008 के धारा 13 में भिन्न प्रकार के साक्ष्यों का उल्लेख है। उन में से उपरोक्त साक्ष्यों को आप चुन सकते हैं।

- इन के साथ अनुसूचित जनजाति के सदस्य अपने जाति प्रमाण–पत्र के प्रति को संलग्न करेंगे।
- अन्य परंपरागत वन निवासी अपना स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र को संलग्न करेंगें। उसके साथ वे 1930 के अथवा उसके पहले के सर्वे खतियान जो अपने पूर्वज के नाम पर है कि छाया प्रति और नियम 13 (ज) के अंतर्गत खतियानी रैयत से लेकर दावेदार तक की वंशावली बनाकर ग्राम प्रधान, गाँव के कुछ बुजुर्ग और वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव और हल्का कर्मचारी से हस्ताक्षर करवाकर संलग्न करेंगे।
- यदि अपने वंशजों का खतियान उपलब्ध नहीं है और दावेदार के जाति समाज के लोग उस गाँव में 3 पीढ़ी से रहते आये हैं तो उनका खतियान भी संलग्न कर सकते हैं।
- यदि 75 साल में से कुछ समय दावेदार अथवा उसका परिवार झारखण्ड के किसी दूसरे गाँव में रहते आया है और बाद में अमुक गाँव में आकर बसा है और 13.12 2005 के पहले से वन भूमि पर खेती करते आया है तो

दोनों गाँव में निवास करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। इस प्रमाण के रूप में दोनों गाँवों के बुजुर्गों के कथन लिखित रूप में भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

- ऊपर के सभी दस्तावेज प्रपत्र ''क'' के तीन प्रतियों के साथ संलग्न करना है। जिन दस्तावेजों का मूल प्रति ग्रामीण संलग्न कर रहे हैं उसे दावा प्रपत्र की तृतीय प्रति के साथ संलग्न करें। बाकी दोनों के साथ छाया प्रति संलग्न करें।
- दावेदार तीनों प्रपत्रों को भर कर जरूरी दस्तावेजों को संलग्न करके ग्राम वन अधिकार समिति के अध्यक्ष,सचिव के पास 90 दिनों के अन्दर जमा करेंगे। किसी दस्तावेज की कमी के कारण दावा प्रपत्र जमा करने में विलंब न करें। जब तक दावा प्रपत्र अध्यक्ष,सचिव के पास जमा नहीं करते हैं, तब तक दावेदार नहीं होते हैं। किसी जरूरी दस्तावेज को स्थल निरीक्षण / सत्यापन के समय तक जमा कर सकते हैं।
- यदि कोई दावेदार अमुक गाँव में निवास करते हैं लेकिन 13.12.2005 के पहले से पड़ोस के गाँव के सीमा के अंदर के वन भूमि पर स्वयं खेती करते आये हैं तो दावा प्रपत्र में अपना पता अपना गाँव का देंगे लेकिन खाता, प्लॉट, रकबा उस गाँव का देंगे जहाँ उनका कब्जा है। दावा अभिलेखों को उस गाँव के वन अधिकार समिति के पास जमा करेंगे जहाँ उसका वन भूमि पर कब्जा है।

समर्थन में साक्ष्य

- दावेदार दावा प्रपत्र अध्यक्ष/सचिव के पास जमा करते समय अध्यक्ष/सचिव, प्रथम प्रति जो दावेदार के नाम पर है उस पर – दो प्रति पाया – लिख कर अपने हस्ताक्षर करेंगे और प्राप्ति की तारीख अंकित करेंगे और दावेदार को पावती के रूप में वापस करेंगे।
- दावा प्राप्ति पंजी में कॉलम 1 से 5 तक मांगी गयी जानकारियाँ भरेंगे। जैसे जैसे आगे की गतिविधियाँ संपन्न होती है उसे दावा प्राप्ति पंजी में दर्ज करें और अंत में समिति के अध्यक्ष एवं सचिव अपना हस्ताक्षर करें ।
- वन अधिकार समिति के अभिलेख के पहले पृष्ठ में भी मांगी गयी जानकारियाँ दावेदार के दावा प्रपत्र के अनुसार लिपिबद्ध करेंगे। प्रत्येक दावेदार के दावा प्रपत्र की तीसरी प्रति जो अनुमंडल स्तरीय समिति के नाम पर है, के साथ ''अभिलेख'' का दोनों पन्ना संलग्न करना अनिवार्य है।
- प्रायः सभी दावा जमा होने के बाद वन अधिकार समिति दावित वन भूमि का नक्शा बनवाने के लिए अमीन की व्यवस्था करेगी। जी0पी0एस0 के द्वारा भी नापी कर सकती हैं। वन अधिकार समिति दावेदार और अन्य लोगों की उपस्थिति में प्रत्येक दावेदार के वास्तविक कब्जा का रकबा निकालेगी और उस का नक्शा बना कर वन अधिकार समिति प्रत्येक दावेदार के अभिलेख में संलग्न करेगी। दावेदार द्वारा खुद किसी अमीन से बनवाया गया नक्शा मान्य नहीं होगा। इस कानून में नक्शा बनवाने का अधिकार ग्राम सभा को और उसकी समिति को है।
- वन अधिकार समिति के अध्यक्ष/सचिव प्रत्येक दावेदार का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन को भरेंगे और कुल रकबा के स्थान पर नक्शा में जो रकबा अंकित है उसे भरेंगे। प्रत्येक दावेदार के दावा प्रपत्र तीन जो अनुमंडल स्तरीय समिति के नाम पर है, के साथ स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न करेंगे।

- नक्शा तैयार होने के बाद अध्यक्ष/सचिव अंचल अधिकारी और वन क्षेत्र पदाधिकारी से सलाह लेकर स्थल निरीक्षण/सत्यापन की तारीख तय करेंगे और अंचल अधिकारी और वन क्षेत्र पदाधिकारी को लिखित सूचना देंगे और दोनों से पावती लेंगे। उस पावती की छाया प्रति बनवा कर प्रत्येक दावा अभिलेख में संलग्न करेंगे।
- स्थल निरीक्षण की तारीख को दावा प्राप्ति पंजी के कॉलम 6 में अंकित करेंगे।
- अभिलेख का पहला पन्ना के अंतिम कण्डिका में भी स्थल निरीक्षण की तारीख भरेंगे और हस्ताक्षर करेंगे।
- स्थल निरीक्षण के दिन दावेदार, वन क्षेत्र पदाधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि और अंचल पदाधिकारी अथवा उन के प्रतिनिधि के उपस्थिति में वन अधिकार समिति, प्रत्येक दावेदार के दावित जमीन का निरीक्षण करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि
  1. दावित जमीन पर दावेदार 13.12.2005 के पहले से स्वयं खेती करते हैं।
  2. जमीन वन विभाग/राजस्व विभाग का है।
  3. अमीन द्वारा तैयार किया गया नक्शा और कुल रकबा सही है ।
  4. समर्थन में जो साक्ष्य प्रस्तुत किये हैं वे सही है।
- जाँच में सब कुछ सही पाया गया तो स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव हस्ताक्षर करेंगी। अंचल के प्रतिनिधि तथा वन विभाग के प्रतिनिधि अपना प्रतिवेदन यदि कोई हो तो, अपना पदनाम तारीख के साथ लिखकर भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन में हस्ताक्षर करेंगे। दोनों विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहने पर भी वन अधिकार समिति भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को पूरा करेंगे।
- दोनों विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहने पर भी वन अधिकार समिति भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को पूरा करेंगे।
- भौतिक सत्यापन के बाद वन अधिकार समिति एक बैठक करेंगे और प्रत्येक दावेदार के बारे में एक प्रतिवेदन तैयार करेंगे और प्रत्येक दावा अभिलेख में संलग्न करेंगे।
- स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन और अपना प्रतिवेदन के आधार पर वन अधिकार समिति के अध्यक्ष /सचिव प्रत्येक दावेदार के अभिलेख के दुसरे पन्ना को भरेंगे और हस्ताक्षर करेंगे।

ग्राम सभा

- सभी दस्तावेज तैयार होने के बाद वन अधिकार समिति ग्राम सभा की बैठक बुलाने की व्यवस्था करेंगे।
- ग्राम सभा की बैठक में समिति सभी दावा अभिलेखों को ग्राम सभा में रखेंगे। ग्राम सभा दावेदारों के दावे पर समिति की अनुशंसा और वन और राजस्व विभाग के प्रतिवेदन यदि कोई हो पर विचार करेंगे और उचित प्रस्ताव पारित करेंगे और ग्राम सभा की कार्यवाही में उन प्रस्तावों को लिपिबद्ध करेंगें। कम से कम 50 प्रतिशत ग्राम सभा के सदस्यगण उस पर हस्ताक्षर करेंगे। उस में कम से कम 50 प्रतिशत दावेदारों का हस्ताक्षर भी अनिवार्य है। उसके बाद ग्राम प्रधान / सभापति उस पर हस्ताक्षर करेंगे।

- तद्पश्चात अभिलेख के आखरी कण्डिका को भरेंगें और उसमें ग्राम सभा के ग्राम प्रधान / सभापति हस्ताक्षर करेंगे।
- ग्राम सभा के कार्यवाही की फोटो कोपी बनाकर प्रत्येक दावेदार के अभिलेख की तीसरी प्रति के साथ संलग्न करेंगे।
- ग्राम सभा के सचिव / अध्यक्ष अनुमण्डल स्तरीय समिति के अध्यक्ष – अनुमंण्डल पदाधिकारी के पास सभी संलग्न दस्तावेज जमा करके पावती लेंगे।
- यदि दस्तावेजों में त्रुटि निराकारण के लिए अनुमंडल से दावा अभिलेख वापस आता है तो त्रुटि निराकारण करके फिर अनुमंडल में जमा करेंगे।
- पुनः सत्यापन के लिए अथवा भौतिक सत्यापन के समय वन और राजस्व विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण दावा अभिलेख वापस आता है तो वन अधिकार समिति पुनः दावेदारों और वन और राजस्व विभाग को सूचना देकर भौतिक सत्यापन करेगी।
- दूसरे सत्यापन के लिए प्रत्येक दावेदार के अभिलेख में एक नया भौतिक सत्यापन की प्रारूप संलग्न करेंगे और उसमें हस्ताक्षर करेंगे।
- यदि ग्राम सभा की अनुशंसा के खिलाफ वन और राजस्व विभाग के अधिकारी कुछ प्रतिवेदन लिखते हैं तो ग्राम सभा उन प्रतिवेदनों पर विचार करके उचित प्रस्ताव पारित करेगी और अनुमंडल में जमा करेगी।
- यदि दूसरी बार भी दोनों अधिकारी अनुपस्थित हैं अथवा दोनों उपस्थित हो कर प्रतिवेदन में हस्ताक्षर किये हैं तो वन अधिकार समिति उन प्रतिवेदनों को भी संलग्न करके फिर अनुमंडल स्तरीय समिति में जमा करेगी।

अपिल

- ग्राम सभा के निर्णय से व्यथित कोई भी व्यक्ति/समुदाय/सरकारी विभाग, निर्णय के 60 दिन की अवधि के भीतर अनुमंडल स्तर की वन अधिकार समिति के पास अपील कर सकते हैं।
- अनुमंडल स्तर की समिति अपील पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगी और अपीलकर्ता और संबन्धित ग्राम सभा को उसकी लिखित सूचना देगी और सुनवाई के पंद्रह दिन पूर्व ग्राम में किसी सुविधा जनक सार्वजनिक स्थान पर सूचना लगा कर भी सूचित करेगी।
- अनुमंडल स्तरीय समिति सुनवाई के बाद अपील को मंजूर या नामंजूर करेगी अथवा पुनर्विचार के लिए ग्राम सभा के पास लौटा देगी।
- अपील ग्राम सभा के पास वापस आने पर 30 दिनों के भीतर ग्राम सभा अपनी बैठक करके अपील पर विचार करेगी और समुचित संकल्प पारित करके अनुमंडल स्तर के समिति को भेजेगी।
- अनुमंडल स्तरीय समिति ग्राम सभा के संकल्प पर विचार करेगी और अपील को स्वीकार या अस्वीकार करते हुए समुचित आदेश पारित करेगी।

- सामुदायिक दावा के बारे में अनुमंडल स्तरीय समिति के निर्णय की सूचना वन अधिकार समिति को उपलब्ध कराई जाएगी।
- अनुमंडल स्तरीय समिति के निर्णय से व्यथित कोई व्यक्ति/समुदाय/सरकारी विभाग, उस निर्णय के बारे में सूचना मिलने के 60 दिन के भीतर जिला स्तर के वन अधिकार समिति के पास अपील कर सकते हैं।
- जिला स्तर की समिति अपील पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगी और अपीलकर्ता और अनुमंडल स्तर की समिति को उसकी लिखित सूचना देगी और सुनवाई के पंद्रह दिन पूर्व संबन्धित ग्राम में किसी सुविधाजनक सार्वजनिक स्थान पर सूचना लगा कर भी सूचित करेगी।
- जिला स्तर की समिति सुनवाई के बाद अपील को मंजूर या नामंजूर करेगी अथवा पुनर्विचार के लिए अनुमंडल स्तर की समिति के पास लौटा देगी।
- अपील अनुमंडल स्तर की समिति के पास वापस आने पर अनुमंडल स्तरीय समिति अपीलकर्ता और ग्राम सभा को सुनेंगी और अपील पर विचार करेगी और समुचित निर्णय पारित करके जिला स्तर के समिति को भेजेगी।
- जिला स्तरीय समिति अनुमंडल स्तरीय समिति के प्रस्ताव पर विचार करेगी और अपील को स्वीकार करते हुए या निरस्त करते हुए आदेश पारित करेगी ।
- जिला स्तरीय समिति का निर्णय अंतिम होगा। उस पर कोई अपील नहीं किया जा सकता है।
- लेकिन यदि अनुमंडल या जिला स्तर की समितियाँ अधिनियम और नियम के प्रावधानों का उल्लंघन करके किसी दावे को निरस्त या अनुशंसा किया है या दावित वन क्षेत्र में कटौती किया है तो राज्य स्तरीय निगरानी समिति के पास शिकायत 60 दिनों के अंदर किया जा सकता है और शिकायत पर विचार करके दावों पर पुनर्विचार करने के लिए जिला स्तरीय समिति को निर्देश दिया जा सकता है।

वन अधिकार दावों के लिए उपयुक्त कुछ कार्यवाही का नमूना

(नीचे दिए गये सभी प्रारूप और नमूना बाध्यकारी नहीं है। यह वन अधिकार समिति और दावेदारों को दावा पत्र भरने और पूरी प्रक्रिया करने के लिए मदद के लिए है। समय और परिस्थिति के अनुसार उनमें फेर बदल हो सकता है।)

वन अधिकार समिति के गठन के लिए ग्राम सभा की कार्यवाही

1.1 वन अधिकार समिति के गठन के लिए राजस्व ग्राम की ग्राम सभा की कार्यवाही का नमूना ।

1.2 वन अधिकार समिति गठन के लिए टोला ग्राम सभा की कार्यवाही का नमूना।

सामुदायिक वन अधिकार दावा के लिए

2.1 सामुदायिक वन अधिकार दावा की प्रक्रिया आरंभ करने और जरूरी दस्तावेज और नक्शा उपलब्ध कराने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के नाम पत्र का नमूना।

2.2 दावा प्रपत्र ''ख'' भरने के लिए नमूना।

2.3 दावा प्रपत्र ''ग'' भरने के लिए नमूना।

2.4 दावेदारों के नाम और हस्ताक्षर के लिए नमूना।

2.5 नियम 13.1(झ) के अंतर्गत पड़ोसी गाँव के बुजुर्गों के शपथपत्र का नमूना।

2.6 भौतिक सत्यापन के लिए वन और राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए सूचना का नमूना।

2.7 सीमांकन के लिए पड़ोस के ग्राम प्रधानों/वार्ड सदस्यों को सूचना का नमूना।

2.8 भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन का नमूना।

2.9 सीमांकन प्रतिवेदन का नमूना।

2.10 सामुदायिक अधिकारों की अनुशंसा के लिए ग्राम सभा की कार्यवाही का नमूना।

2.11 दावा अभिलेखों को अनुमंडल कार्यालय में जमा करनने के लिए पत्र का नमूना ।

2.12 वन और राजस्व विभाग को द्वितीय सूचना का नमूना।

2.13 दावा अभिलेखों को पुनः अनुमंडल कार्यालय में जमा करने के लिए पत्र का नमूना।

2.14 सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन के लिए ग्राम सभा की कार्यवाही का नमूना।

व्यक्तिगत वन अधिकार दावा के लिए

3.1 दावा पत्र ''क'' भरने का तरीका (अनुसूचित जनजाति दावेदार के लिए)

3.2 दावा पत्र ''क'' भरने का तरीका (अन्य परंपरागत वन निवासी दावेदार के लिए)

3.3 नियम 13.1(ग) के अंतर्गत दावित वन भूमि पर सुधारों की शपथ पत्र का नमूना

3.4 नियम 13.1(झ) के अंतर्गत बुजुर्गों के शपथपत्र का नमूना

3.5 दावा प्राप्ति पंजी की नमूना
3.6 अभिलेख का नमूना
3.7 वन और राजस्व विभाग को भौतिक सत्यापन के लिए सूचना पत्र का नमूना
3.8 भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन का नमूना
3.9 वन अधिकार समिति के प्रतिवेदन का नमूना
3.10 दावों की अनुशंसा के लिए ग्राम सभा की कार्यवाही का नमूना
3.11 दावा अभिलेखों को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करने के लिए पत्र का नमूना
3.12 वन और राजस्व विभाग को भौतिक सत्यापन के लिए द्वितीय सूचना पत्र का नमूना
3.13 दावा अभिलेखों को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में दूसरी बार जमा करने के लिए पत्र का नमूना
3.14 अपील के लिए नमूना

1.1 राजस्व ग्राम में वन अधिकार समिति गठन/पुनर्गठन के लिए ग्राम सभा की कार्यवाही

आज दिनांक.....को दिन के .....बजे ग्राम.....ग्राम पंचायत.....
.प्रखण्ड..... के ग्राम सभा की बैठक ग्राम प्रधान/मुखिया श्री .....
की अध्यक्षता .....पर/में संपन्न हुआ।

अथवा

ग्राम प्रधान/मुखिया की अनुपस्थिति में उपस्थित सदस्यों ने श्री.....पिता.....
.को आज की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए सर्वसम्मति से चुना ।

बैठक में .....पुरूष और..... महिलाएँ, कुल..... सदस्य उपस्थित थे।
बैठक में वन अधिकार कानून 2006 के बारे में विचार विमर्श किया गया और वन अधिकार अधिनियम के धारा 2(त) की उपधारा 1 और वन अधिकार नियम 2012 की धारा 3(1) के प्रावधानों के अनुसार वन अधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया, और निम्नलिखित लोग चुने गये।

1	2	3	4	5
क्र.सं.	नाम	पिता/पति	कोटि	मो. न.

(इस समिति में कम से कम 10 और अधिक से अधिक 15 सदस्य हो सकते हैं। गाँव में अनुसूचित जनजाति के सदस्य है तो कुल सदस्यों में कम से कम दो तिहाई अनुसूचित जनजाति और कम से कम एक तिहाई महिला सदस्य होना अनिवार्य है। कॉलम 5 में सदस्य किस कोटि का है – अ.ज.ज., महिला या सामान्य, उसे लिखें।)

चुने हुए सदस्यों ने अपने बीच में से श्री/श्रीमती..... पिता/पति.....
को अध्यक्ष और श्री/श्रीमती..... पिता/पति.....को सचिव के रूप में मनोनित किया।

ग्राम ..... टोला .....के निवासी जो 13.12.2005 के पहले से वन भूमि पर खेती कर रहे हैं उनका नाम निम्न है।

1.

2.

उन सभी दावेदारों को 90 दिन के अंदर दावा पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज वन अधिकार समिति के अध्यक्ष/सचिव के पास जमा करके पावती लेने के लिए कहा गया।

वन अधिकार कानून के अंतर्गत सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार के लिए सभी दस्तावेज जुटायें और कानूनी प्रक्रिया पूरी करके अनुमोदन के लिए अविलंब ग्राम सभा में प्रस्तुत करें।

उपस्थित ग्राम सभा के सदस्यों का हस्ताक्षर

1.

2.

अंत में सभापति ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा की।

सभापति का हस्ताक्षर .....

1.2 टोला ग्राम सभा में अधिकार समिति/पुनर्गठन के लिए कार्यवाही

आज दिनांक.....को दिन के .....बजे ग्राम.....टोला.....
ग्राम पंचायत.....प्रखण्ड..... के ग्राम सभा का बैठक.....में संपन्न हुआ।

ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति में उपस्थित सदस्यों ने श्री..... पिता.....को आज के बैठक की अध्यक्षता करने के लिए सर्वसम्मति से चुना।

बैठक में .....पुरूष और..... महिलाएँ, कुल..... सदस्य उपस्थित थे। ग्राम .....
के मतदाता सूची के अनुसार टोला.....में .....पुरूष .....महिला, कुल ..... सदस्य है।

बैठक में वन अधिकार कानून 2006 के बारे में विचार विमर्श किया गया और वन अधिकार अधिनियम के धारा 2(त) की उपधारा 1 और वन अधिकार नियम 2012 के धारा 3(1) के प्रावधानों के अनुसार वन अधिकार समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया, और निम्नलिखित लोग चुने गये।

1	2	3	4	5
क्र.सं.	नाम	पिता/पति	कोटि	मो. न.

(इस समिति में कम से कम 10 और अधिक से अधिक 15 सदस्य हो सकते हैं। गाँव में अनुसूचित जनजाति के सदस्य है तो कुल सदस्यों में कम से कम दो तिहाई अनुसूचित जनजाति और कम से कम एक तिहाई महिला सदस्य होना अनिवार्य है। कॉलम 5 में सदस्य किस कोटि का है – अ.ज.जा., महिला या सामान्य, उसे लिखें।)

चुने हुए सदस्यों ने अपने बीच में से श्री/श्रीमती..... पिता/पति.....को अध्यक्ष और श्री/श्रीमती..... पिता/पति.....को सचिव के रूप में मनोनीत किया।

ग्राम ..... टोला .....के निवासी जो 13.12.2005 के पहले से वन भूमि पर खेती कर रहे हैं उनका नाम निम्न है।

1.

2.

उन सभी दावेदारों को 90 दिन के अंदर दावा पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज वन अधिकार समिति के अध्यक्ष/सचिव के पास जमा करके पावती लेने के लिए कहा गया।

वन अधिकार कानून के अंतर्गत सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार के लिए सभी दस्तावेज जुटायें और कानूनी प्रक्रिया पूरी करके अनुमोदन के लिए अविलंब ग्राम सभा में प्रस्तुत करें।

उपस्थित ग्राम सभा के सदस्यों का हस्ताक्षर

1.

2.

अंत में सभापति ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा की।

सभापति का हस्ताक्षर .....

2.1 वन अधिकार समिति ग्राम ... बसिया .....

ग्राम पंचायत : बसिया, प्रखण्ड : बालुमाथ, जिला : लातेहार

पत्रांक...01 / .21..... दिनांक...10.01.21

प्रेषित :– अनुमंडल पदाधिकारी सह अध्यक्ष
अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति
.....

विषय – **सामुदायिक वन अधिकारों की प्रक्रिया आरंभ करने के बारे में सूचना।**

संदर्भ – अनुसूचित जनजाति एंव अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता नियम 2008 – 2012 में संशोधित – की धारा 11.1ख और 12.4)

महाशय,

आपको सादर सूचित करना है कि ग्राम .....बसिया..... पंचायत.....बसिया..... अंचल.....बालुमाथ..... के वन अधिकार समिति वन अधिकार कानून 2006 के अंतर्गत सामुदायिक वन अधिकारों और सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकारों के लिए दावा करने की प्रक्रिया आज दिनांक 10.01.21 से आरंभ कर रहे हैं।

अतः आप से आग्रह है कि हमें निम्नलिखित दस्तावेजों और दावा प्रपत्रों को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1 दावा प्रपत्र ''ख'' और ''ग''
2 ग्राम .....बसिया..... ग्राम पंचायत .....बसिया..... अंचल.....बालुमाथ..... में पड़ने वाला वन क्षेत्र के मानचित्र की अभिप्रमाणित प्रति
3 ग्राम.....बसिया.....के खतियान भाग दो / विलेज नोट की छाया प्रति।
4 ग्राम .....बसिया.....के मतदाता सूची की छाया प्रति।

आपके सहयोग की प्रतीक्षा में,

आपके विश्वासी

....
अध्यक्ष सचिव
मोबाईल न0..... मोबाईल न0.....

ग्राम वन अंधिकार समिति

"प्ररूप - ग"

2.2 सामुदायिक वन संसाधन के अधिकारों के लिए दावा प्रारूप

(अधिनियम की धारा 3(1) और नियम 11(1) और (4क) देखिए)

1. ग्राम / ग्राम सभा : **बसिया**
2. ग्राम पंचायत : **बालुमाथ**
3. तहसील / तालूक : **लातेहर**
4. जिला : **संलग्न 1**
5. ग्राम सभा के सदस्यों के नाम :

संलग्न 1

(प्रत्येक सदस्य के सामने उपदर्शित अनुसूचित जनजाति / अन्य परंपरागत वन निवासी सहित अलग एक प्रपत्र के रूप में संलग्न करें)

दावा करने के लिए कुछ जनजातियों / अन्य परंपरागत वन निवासियों का होना पर्याप्त है।

हम, इस ग्राम सभा के अधोहस्ताक्षरित निवासी इसके द्वारा यह संकल्प करते हैं कि नीचे और संलग्न मानचित्र में निर्दिष्ट क्षेत्र, जिसमें हमारा ऐसा सामुदायिक वन संसाधन सम्मिलित है, जिस पर हम धारा 3 (1) (झ) के अधीन अपने अधिकारों की मानयता का दावा कर रहे हैं।

(अवस्थित ग्राम की पारंपरिक या रूढ़िजन्य सीमाओं के भीतर भूमि चिन्ह या चारागाही समुदाय की दशा में उस स्थलाकृति का मौसमी उपयोग, जिसके लिए समुदाय पारंपरिक पहुँच रखता था और जिन्हें वे संधार्य उपयोग के लिए पारंपरिक रूप से संरक्षित,पुनर्जीवित, परिरक्षित और प्रबंधित करते रहे हैं, को दर्शाते हुए सामुदायिक वन संसाधन का मानचित्र संलग्न करें। कृपया ध्यान दें कि इसे शासकीय सीमाओं के अनुरूप होने की आवश्यकता नहीं है।)

6. खसरा / कंपार्टमेंट संख्या (संख्याएँ) यदि कोई हों और यदि ज्ञात हो :

प्लॉट नं. 1, 2, 3, 4, 7, 9, 15, 24, 33, 40, 41, 85, 95, 115.

गाँव के कुल वन क्षेत्र 247.59 हेक्टेयर है।

7. सीमा से लगते हुए ग्राम

		चारागाह	लघुवन उपज	जवालन
(i)	**गेरेंजा**			
(ii)	**धाधू**	.....	.....	.....
